हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार, 7 दिसंबर 2025


तापमान

अधिकतम 25 .1 डिग्री

न्यूनतम 3 .5 डिग्री


14 बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलने का किया आह्वान





14 संविधान की रक्षा करना सभी का दायित्वः सिंह




## खबर संक्षेप

### रचनात्मक गतिविधियों से छात्रों में उत्साह

**थानेसर।** रॉयल आर्यन शिक्षा निकेतन, कैलाश नगर कुरुक्षेत्र में शनिवार को विद्यार्थियों के लिए बहुआयामी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य छात्रों में मनोरंजन के साथ-साथ पढ़ाई के बोझ को कम करना और उन्हें व्यावहारिक कौशल सीखने का अवसर प्रदान करना था। इस दौरान विद्यार्थियों ने ताली योग, कपड़े फोल्ड करना तथा अन्य रोचक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय हंसी-खुशी और उत्साह से भर उठा। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को न सिर्फ घरेलू कार्यों का अनुभव मिला, बल्कि उनके भीतर पढ़ाई के प्रति नई रुचि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी हुआ।

### पुस्तकालयों पर एआई के दौर में बड़ा संकट

**कलायत।** एआई के दौर को पुस्तकालयों पर बड़ा संकट बताया है। इसको लेकर पड़ोसी राज्य पंजाब में सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल अरनो की पुस्तकालय अध्यक्ष रमन अब पंजाब, हरियाणा व देश के विभिन्न हिस्सों में जागृति अभियान को गति देने में लगी हैं। तेजी से बदलते इस दौर में एआई ने हर क्षेत्र को नई दिशा दी है। लगातार इसका उपयोग बढ़ता जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य व उद्योग से लेकर हमारे रोजमर्रा के जीवन तक एआई ने काम करने के तरीके में एक क्रांति ला दी है। लेकिन इस बढ़ती तकनीकी के बीच पुस्तकालय गहरे संकट से गुजर रहा है।

### कैथल में 'नो नशा नेशन' अभियान का आरंभ

**कैथल।** 'नशा मुक्त राष्ट्र' अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से डी.ए.वी संस्था के प्रधान आर्यरत्न पूनम सूरी एवं आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के आह्वान पर 7 दिसंबर 2025 को हरियाणा के 100 डीएवी स्कूलों एवं 16 कॉलेजों द्वारा अपने-अपने शहर के भिन्न-भिन्न स्थानों पर एक साथ 100 कुंडीय हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रति विद्यालय 100 विद्यार्थी एक ही समय पर हवन करेंगे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक सोंगल में कल

**राजौंद।** 8 दिसंबर को गांव सोंगल के भगवान परशुराम भवन में भाजपा राजौंद मंडल के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारीयों की बैठक होगी। राजौंद मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल ने बताया कि इस बैठक में संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा संगठनात्मक बैठक लेंगे। राजौंद मंडल की यह मीटिंग बहुत ही महत्वपूर्ण है जिसमें सभी बुथ अध्यक्ष बीएलओ सभी शक्ति केंद्र प्रमुख मंडल व जिला के सभी पदाधिकारियों की मौजूदगी होंगी। पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा व जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी उपस्थित रहेंगी।

## तेरह साल से हत्या मामले में फरार चल रहा था आरोपी

# हत्या के मामले में फरार पांच हजार का इनामी आरोपी काबू

*पहले गिरफ्तार किए गए 13 दोषियों को अदालत में पेश कर उम्रकैद की सजा में जेल भेज दिया था। अब पकड़ा गया आरोपी रिमांड पर लिया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

तेरह साल से हत्या मामले में फरार चल रहे और अदालत से भगौड़ा घोषित हो चुके पांच हजार रुपये ईनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने अदालत में पेशकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

- इस मामले में 13 आरोपी पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

डीएसपी रजत गुलिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन को जिले में हत्या जैसे जघन्य अपराधों में फरार चल रहे वांछित आरोपियों को पकड़ने के सख्त आदेश दिए हुए हैं। इन आदेशों की पालना करते हुए जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन के प्रभारी एसआई राज कुमार, उप निरीक्षक कपिल, एएसआई सुखदेव सिंह, मुख्य सिपाही कुलदीप सिंह, बृजपाल व सतबीर सिंह की टीम ने पुख्ता सबूत मिलने पर तेरह साल से मोहित की हत्या करने के मामले में फरार चल रहे व अदालत से भगौड़ा घोषित हो चुके पांच हजार के ईनामी आरोपी अइभषेक उर्फ सन्नी को शहर के मंडौली मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आरोपी से पूछताछ की तो उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। डीएसपी रजत गुलिया ने बताया कि उस समय पुलिस ने हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया था। अदालत ने मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाकर जेल भेज दिया था। वहीं, मामले में अब गिरफ्तार किया गया आरोपी अभिषेक वारदात के बाद से ही हरिद्वार व वाराणसी आदि में साधू के वेश में छूप कर रह रहा था। जो अब पकड़ में आया है। आरोपी के खिलाफ लड़ाई झगड़े का एक अन्य मामला भी दर्ज है। आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया गया है।



**यमुनानगर।** हत्या मामले में गिरफ्तार किया गया इनामी आरोपी पुलिस कस्टडी में बैठा हुआ।

**गुनाह कबूल किया**

हत्या आरोपी ने बताया कि 27 नवंबर 2013 को रजिंश के कारण उन्होंने अन्य साथियों के साथ मिलकर तीर्थ नगर निवासी मोहित को अगवा करके उसे पीटकर व अपनी कार के पीछे बांधकर घसीटकर उसकी हत्या कर दी थी। इसके बाद उसके शव को सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए थे।

# चिकित्सक 8 और नौ दिसंबर को रहेंगे हड़ताल पर : चौहान

- ओपीडी, आपातकालीन, इंडोर, लैबोरेट्री एवं पोस्टमार्टम की सेवाएं इस दौरान बंद रहेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (एचसीएमएस) और सरकार के बीच सात घंटे चली वार्ता में एक मांग पर सहमति बनी तो दूसरी मांग को लेकर डॉक्टर हड़ताल पर अड़ गए हैं। सरकार सीनियर मेडिकल आफिसर (एसएमओ) की सीधी भर्ती प्रक्रिया को रोकने पर राजी हो गई है लेकिन एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन (एसीपी) की मांग पर सहमति नहीं बना पाई। यह जानकारी एसोसिएशन के जिला प्रधान डॉ. तेजेंद्र सिंह चौहान ने दी। जब तक उनकी दूसरी मांग पूरी नहीं होती, तब तक वे 8 और 9 दिसंबर को पूर्व घोषित हड़ताल के फैसले पर अडिग हैं।

इस दौरान ओपीडी, आपातकालीन, इंडोर, लैबोरेट्री एवं पोस्टमार्टम की सेवाएं बंद रहेंगी। यदि आठ से पहले सरकार मांग पूरी करती है,तो वे हड़ताल टाल देंगे,अन्यथा हड़ताल का फैसला अटल रहेगा। यदि 9 दिसंबर के बाद भी सरकार ने उनकी दूसरी मांग न मानी, तो 10 दिसंबर से हरियाणा के सभी चिकित्सक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। एसोसिएशन और राज्य सरकार के अधिकारियों के बीच जारी वार्ता के बारे में डॉ. चौहान ने बताया कि इस दौरान तीन राउंड की बातचीत हुई। पहले राउंड में एसोसिएशन और मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, दूसरे राउंड में एसोसिएशन और मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर व तीसरे राउंड में एसोसिएशन और स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल के बीच वार्ता हुई। इस दौरान अधिकारी एसएमओ की सीधी भर्ती पर रोक लगाने को राजी हो गए। वहीं, दूसरी मांग एसीपी पर अधिकारी सहमत नहीं हुए। गौरतलब है कि हरियाणा के डॉक्टरों को पूरे करियर में तीन एसीपी मिलती है।



डॉ. तेजेंद्र सिंह चौहान।

## नेशनल हाईवे पर हादसा

# कैंटर-ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में ड्राइवर की मौत

हरिभूमि न्यूज करनाल

जिले में नेशनल हाईवे पर शनिवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक कैंटर और एक ट्रक तेज रफ्तार में आमने-सामने भिड़ गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि कैंटर ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रक ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और रेस्क्यू टीम की मदद से करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद मृतक का शव बाहर निकाला गया।

### डिवाइडर से टकराकर दूसरी लेन में पहुंचा कैंटर

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह लगभग पांच बजे कैंटर दिल्ली की ओर से अंबाला जा रहा था, जबकि ट्रक अंबाला की ओर से चंडीगढ़–दिल्ली रोड पर आ रहा था। बताया जा रहा है कि अचानक कैंटर का बैलेंस बिगड़ा और वह डिवाइडर से टकराकर दूसरी तरफ आ गया। उसी समय सामने से आ रहे ट्रक से उसकी सीधी टक्कर हो गई। सदर थाना पुलिस के अनुसार हादसे में कैंटर ड्राइवर रितेश की मृत्यु हो गई, जिसकी उम्र लगभग 25 वर्ष थी और वह बिहार का रहने वाला था। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और परिजन करनाल के लिए रवाना हो चुके हैं।

### क्रेन से निकाला गया शव, ट्रक ड्राइवर घायल

टक्कर इतनी जोरदार थी कि रितेश का शव केंटर में बुरी तरह फंस गया था। रेस्क्यू टीम ने क्रेन की मदद से लंबे प्रयास के बाद शव को निकाला। गंभीर रूप से घायल ट्रक ड्राइवर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### महिला ने दुष्कर्म का लगाया आरोप

**करनाल।** रामनगर थाना क्षेत्र में एक महिला ने प्लंबर पर दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने बताया कि वर्ष 2021 में उसने अरडाना निवासी रोशन लाल से प्लंबिंग का काम करवाया था। उसी दौरान रोशन लाल ने मोबाइल नंबर ले लिया और उसके बाद वह किसी न किसी बहाने फोन करता रहा। शिकायत के अनुसार एक दिन उसने महिला को असंध बुलाया। जून 2021 में प्लंबर उसे कैथल रोड स्थित एक होटल में ले गया और वहां जबरदस्ती दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने महिला की गलत वीडियो भी बना ली। आरोप है कि वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वह महिला को अलग-अलग 21 स्थानों पर ले जाता रहा।

### पंचायत सभा ने चुनाव अधिकारी टीम को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** धीमान ब्राह्मण पंचायत सभा कुरुक्षेत्र की कार्यकारिणी का चुनाव निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुरूप पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। चुनाव संचालन हेतु नियुक्त चुनाव अधिकारी मोहनलाल धीमान, रामेश्वर धीमान, मदन लाल धीमान एवं श्रीनिवास ने संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को अत्यंत गंभीरता, निष्ठा और कर्तव्यनिष्ठा के साथ सम्पन्न करवाया। मतदाताओं का मार्गदर्शन, प्रक्रिया की निगरानी, पारदर्शी मतदान व्यवस्था तथा परिणाम घोषित किया।

चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पंचायत सभा की कार्यकारिणी—पूर्व एवं वर्तमान सदस्यों की उपस्थिति में इन चुनाव अधिकारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभा के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों ने चुनाव अधिकारियों को शॉल, प्रतीक-चिह्न देकर सम्मानित किया।

## जठलाना के ग्रामीणों में रोष पनपा

# नलकूपों पर हो रही चोरियों से गुस्साए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**यमुनानगर।** थाना जठलाना के सामने पुलिस प्रशासन के विरूद्ध नारेबाजी करते ग्रामीण।

**रादौर।** जठलाना क्षेत्र में नलकूपों से मोटरें चोरी की घटनाएं बढ़ने के विरोध में शनिवार को ग्रामीणों ने कस्बा के थाना के समक्ष प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की।

शनिवार को जठलाना क्षेत्र के सैंकड़ो ग्रामीण कस्बा के थाना के समक्ष एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर रोष जताते हुए नारेबाजी की। मौके पर सरपंच बहादुरपुर सुनील कुमार, सुभाष कांबोज, राजकुमार, जसमेर कांबोज, संजय कुमार, राकेश कांबोज, भरत, दिनेश, आदित्य, आशीष आदि ने बताया कि जठलाना क्षेत्र में आए दिन चोरों द्वारा टयूबवेलों से मोटर व अन्य सामान चोरी किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को हजारों रूपये का नुकसान हो रहा है। पुलिस प्रशासन केवल मामले दर्ज करने के अलावा कोई भी कार्रवाई नहीं करती है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस की नाकामयाबी चोरो के हौसले बढ़ा रही है। पिछले कुछ महीनो में सैंकड़ों किसानों के टयूबवेलो से मोटरे व अन्य सामान चुराया जा चुका है। परंतु पुलिस के हाथ आज भी खाली है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरो को पकडने की मांग की। थाना जठलाना प्रभारी संदीप कुमार ने पुलिस गस्त बढ़ाने व ग्रामीणों को चोरो पर सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत किया। जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए।

# डॉ. अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर दी पुष्पांजलि

**लाडवा।** संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा के प्रबंधन, प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने भारत के संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर इंद्री चौक,लाडवा जाकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। स्कूल के प्रधान पवन गर्ग ने पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने देश के दलितों और गरीब लोगों के उत्थान के लिए कार्य किया। वे संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे और स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि मंत्री नियुक्त किए गए थे। राष्ट्र के प्रति उनके योगदान के लिए हम सदैव उनके ऋणी रहेंगे। विद्यालय द्वारा सीबीएसई के तत्वावधान में आर्ट इंटीग्रेशन पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कई प्रतिष्ठित स्कूलों के 63 शिक्षकों ने इस सीबीपी में भाग लिया। रिसोर्स पर्सन्स ने शिक्षकों को शिक्षण एवं अधिगम में कला एकीकरण के महत्व से अवगत कराया। नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार अब लगभग सभी विषयों के शिक्षण में कला एकीकरण अनिवार्य हो गया है।

## गुरुकुल कैम्पस में पहुंचे एनडीए के प्रशिक्षु अधिकारी

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र की एनडीए विंग में अपने उज्जवल भविष्य की सुनहरे सपनों को साकार करने के लिए गुरुजनों के कुशल मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत करने वाले गुरुकुल के होनहार पूर्व छात्र गुरुकुल कैम्पस में पहुंचे। इस बार वे एक स्टूडेंट नहीं अपितु एनडीए के प्रशिक्षु अधिकारियों के रूप में यहां पधारे जिनका निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर एनडीए विंग के फिजिकल इंट्रक्टर सूबेदार बलवान सिंह, अशोक कुमार चौहान भी मौजूद रहे। एनडीए 152-154 कोर्स हेतु एसएसबी उत्तीर्ण करने वाले गुरुकुल के छात्र रहे ऋषभ राज, कुमार आदित्य, आर्यन, सरबदीप, चिराग और आर्यवर्त का गुरुकुल में भव्य अभिनन्दन हुआ। इस दौरान एनडीए विंग में भविष्य के इन सेना अधिकारियों ने अपने जुनियर्स साथियों को सेनाओं में उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए महत्त्वपूर्ण टिप्स दिये।



## डॉ. एम.एम. सिंह को कलीराम मेमोरियल अवार्ड से किया सम्मानित

# रमेश गोयल को आजीवन सेवा सम्मान से नवाजा

- पूर्व भारतीय सैनिक/ नायक कली राम खिप्पल को समर्पित राष्ट्र स्तरीय सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

पूर्व भारतीय सैनिक/ नायक कली राम खिप्पल को समर्पित राष्ट्र स्तरीय सम्मान समारोह में देश के विभिन्न प्रदेशों से 129 प्रतिभाओं को कली राम मेमोरियल अवार्ड के लिए चुना गया था। 7 मेधावी एवं निर्धन छात्राओं को विनोद कुमार कली राम खिप्पल छात्रवृति देकर सम्मानित किया गया।

आज इस कड़ी में हरियाणा राज्य परिवहन कुरुक्षेत्र से 31 मई 2018 को सेवानिवृत्त होकर समाज के लिए उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहे रमेश कुमार गोयल को आजीवन सेवा सम्मान- 2025 से विभषित किया गया। रमेश कुमार गोयल अब शिव शक्ति मंदिर सैक्टर 7 के महासचिव के रूप में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वे विभिन्न सामाजिक सेवाएं जिसमें निशुल्क चिकित्सा शिविर, रक्तदान, निर्धन कन्याओं का विवाह, मंदिर के निर्माण से लेकर मंदिर के रख रखाव और समाज के निर्धन और जरूरतमंद लोगों के लिए हर संभव सेवाओं में बढ़ चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। उनकी अभूतपूर्व सेवाओं के लिए उनका चयन श्री कली राम खिप्पल को समर्पित आजीवन सेवा सम्मान के लिए किया गया था।



**कुरुक्षेत्र।** रमेश कुमार गोयल को सम्मानित करते आयोजक।

**इनको भी मिला सम्मान**

*181 बार रक्तदान, 89 बार प्लेटलेट्स और 1 बार प्लाजमा दान कर चुके पुलिस विभाग में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कार्यक्रम का आयोजन किया और उन्हें सम्मानित किया गया। इनके अतिरिक्त कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में स्थापित विश्वविद्यालय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं समाजसेवी डॉ. एम. एम. सिंह को कली राम खिप्पल मेमोरियल अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। डॉ. एम. एम. सिंह सेवानिवृति के पश्चात समाज सेवा में तन मन धन से जुटे हुए हैं और वे आजकल रोटी बैंक के साथ जुड़कर अभूतपूर्व सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर समाजसेवी कर्म चंद, रमेश, सीता सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।*

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शनिवार को भारतीय संविधान के निमार्ता, महान विधिवेत्ता और सामाजिक न्याय के प्रतीक डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर विधि संकाय के प्रांगण में स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सिद्धांतों को आत्मसात करने की आवश्यकता है तथा ऐसे महापुरुष के जीवन से प्रेरणा लेकर ही हमें आगे बढ़ने की जरूरत है।

इस अवसर पर कुवि कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, प्रॉक्टर प्रो. अनिल गुप्ता, विधि संस्थान के निदेशक प्रो. अमित लूदरी, प्रो. प्रीति जैन, प्रो. सुशीला देवी चौहान, प्रो. कृष्णा देवी, आदि मौजूद रहे।

# क्रिप्टो करंसी के नाम पर ठगे 7.31 लाख रुपये

- पुलिस ने आरोपी दो लोगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

क्रिप्टो करंसी में इन्वेस्टमेंट करवा कर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर शहर की आदर्श नगर कैंप कॉलोनी निवासी सचिन चौधरी से सात लाख 31 हजार रुपए ठग लिए गए। आरोप अभिजीत शुक्ला व बृज किशोर शुक्ला पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

आदर्श नगर कैंप कॉलोनी निवासी सचिन चौधरी ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि एक दिन उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया। जब उसने मैसेज पर क्लिक किया तो उसके बाद वह एक ग्रुप से जुड़ गया। इसके बाद वहां पर क्रिप्टो करंसी इन्वेस्टमेंट के संबंध में बातचीत चल रही थी। इसके बाद उसकी बात अभिजीत शुक्ला व बृज किशोर शुक्ला से होने लगी। आरोपियों ने उसे कहा कि क्रिप्टो करंसी में इन्वेस्टमेंट कर अधिक लाभ कमा सकते हैं। वह आरोपियों की बातों में आ गया। इस दौरान उसने आरोपियों के कहने पर जून 2022 से मई 2024 तक अलग-अलग करके सात लाख 31 हजार रुपए क्रिप्टो करंसी में इन्वेस्ट कर दिए। इसके बाद उसे इसका लाभ नहीं दिया गया। जब उसने इस बारे आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# जल संरक्षण एवं प्रबंधन थीम पर प्रदर्शित मॉडल में छात्र पारस रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शनिवार को न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आरबीवीपी 2025 का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी प्रमेलता ने मुख्यातिथि के रुप में किया। जबकि अध्यक्षता न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने की। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में जिला विज्ञान विशेषज्ञ विशाल सिंघल, जिला प्रोजेक्ट समन्वयक सुनीता त्यागी व जिला विज्ञान विशेषज्ञ मुकेश कुमार फतेहाबाद मौजूद रहे।



यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में आयोजित प्रदर्शनी में विजेता बच्चे पुरस्कार प्राप्त कर खुशी जताते हुए।

### स्कूल विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने चमक बिखेरी

*स्कूल की प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए गए जल संरक्षण एवं प्रबंधन थीम विषय के मॉडल में जीएचएस दड़वा स्कूल के पारस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, जीएसएसएस अलाहर के आदित्य ने द्वितीय तथा जीएसएसएस सारन की ऋतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय में जीएसएसएस अलाहर के कुणाल प्रथम, जीएमएसएसएस भुथल की सिमरन द्वितीय और जीएमएसएस कैम्प के हिमंत तृतीय रहे। कचरा प्रबंधन व प्लास्टिक के विकल्प विषय में जीएसएसएस साढ़ौरा के सायम ने प्रथम, जीएसएसएस सारन की ऋतिका ने द्वितीय तथा पीएम श्री जीएसएसएस जयधर की रिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, सतत कृषि विषय में जीएमएसएसएस जगाधरी के अर्चित प्रथम, पीएम श्री जयधर की पूजा शर्मा द्वितीय तथा जीएसएसएस अंटावा की अर्पिता तृतीय रहीं।*

### विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की नवाचार प्रतिभा चमकी

- न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

हरित ऊर्जा थीम में जीएसएसएस अंटावा के गुरबीर सिंह प्रथम, एसएनवी जीएसएसएस मॉडल टाउन के ओनिक द्वितीय और जीएमएस दोसानी की उमेरा तृतीय स्थान पर रही। मनोरंजनात्मक गणित विषय में जीएमएसएसएस जगाधरी के सचिन प्रथम, जीएसएसएस लाहडपुर की सावनिक्षा द्वितीय तथा जीजीएसएसएस छछरौली की तृषा तृतीय रहीं। उभरती प्रौद्योगिकियां थीम में जीएसएसएस अलाहर के जतिन प्रथम, एसएनवी जीएसएसएस मॉडल टाउन के पुनीत कुमार द्वितीय और जीएसएसएस अंटावा के उर्वेद सिंह तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्या तोशल वाधवा समेत विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों एवं उनके मार्गदर्शकों की प्रशंसा की। मौके पर विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में कुल सात विषयों कचरा प्रबंधन, सतत विकास, हरित ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकियां, मनोरंजनात्मक गणित, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा जल संरक्षण पर आधारित मॉडलों को प्रस्तुत किया गया। इन मॉडलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता और नवाचार क्षमता का परिचय दिया। यमुनानगर जिले के सभी ब्लॉकों से 50 से जादा सरकारी विद्यालयों के लगभग 126 विद्यार्थियों ने अपने मेंटर्स के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। मौके पर विजेता बच्चों को स्कूल के निदेशक विकास शर्मा ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप



### फायरिंग मामले में आरोपी को किया काबू

**यमुनानगर।** शहर के माडल टाउन स्थित बरनाला शोरूम के बाहर फायरिंग करने के आरोपी जोगिंद्रनगर निवासी अर्जुन को अपराध अन्वेषण शाखा दो ने प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपी ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। उसे दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया। अब जेल से सीआइए टू की टीम उसे प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई है। पुलिस टीम ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे छह दिन के रिमांड पर लिया गया है।



### बलभद्र मंदिर के नजदीक बनाया जाएगा पक्का तालाब

**रादौर।** रादौर क्षेत्र के गांव धौलरा स्थित ऐतिहासिक प्राचीन बलभद्र मंदिर के नजदीक पक्का तालाब बनाए जाने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह ने दस लाक रुपये की अनुदान राशि दी है। धौलरा की ग्राम पंचायत व ग्रामीणों ने लोगों की आस्था के केंद्र प्राचीन बलभद्र मंदिर के पास पक्का तालाब बनाए जाने पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का आभार जताया है। धौलरा के सरपंच सतीश कुमार ने बताया कि सदियों से गांव धौलरा में भगवान बलभद्र का प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंदिर है। जिससे लोगों की आस्था जुड़ी है।

### युवकों ने हमला कर दो दोस्तों को किया घायल

**यमुनानगर।** गांव लेदी में कहासुनी होने पर पांच युवकों ने दो दोस्तों पर डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में दोनों दोस्त घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव कोर्ट सरकारी घिसरपड़ी निवासी नीरज कुमार ने छछरौली थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो दिसंबर को शाम सात बजे वह अपने दोस्त गांव के ही मोहनलाल के साथ गांव लेदी में किसी काम से आया था।

### फोटो का दुरुपयोग कर सोशल मीडिया पर की वायरल

**यमुनानगर।** शहर की आजाद नगर कॉलोनी निवासी एक युवक ने गांधीधाम कॉलोनी जगाधरी निवासी साहिल शर्मा पर उसकी फोटो का दुरुपयोग कर अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ 67 आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। एक कालोनी निवासी 27 वर्षीय युवक ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांधीधाम कॉलोनी जगाधरी निवासी साहिल शर्मा ने सोशल मीडिया से उसकी फोटो अपलोड कर उसका दुरुपयोग करके अश्लील फोटो बना ली।

# ट्विन सिटी को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सभी मिलकर सहयोग करें: कुमार

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 को लेकर नगर निगम ने शुरू किया प्लॉग रन स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

- निगम के अतिरिक्त आयुक्त धीरज कुमार ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

*प्लॉग रन कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों व नागरिकों ने शहर के वीर सावरकर स्वर्ण जंयती पार्क समेत अन्य पार्कों में सफाई करके दिया स्वच्छता का संदेश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को लेकर नगर निगम द्वारा वार्ड नंबर 16 स्थित वीर सावरकर स्वर्ण जयंती पार्क में प्लॉग रन स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर शुरू की गई इस अनूठी पहल में राजकीय माध्यमिक विद्यालय वार्ड 9 के विद्यार्थियों ने भाग लेकर स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया।

नगर निगम के अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार के मार्गदर्शन में सुबह के वक्त सैंकड़ो विद्यार्थियों व स्थानीय नागरिकों ने संयुक्त रुप से वीर सावरकर स्वर्ण जयंती पार्क से प्लॉग रन करते हुए प्लास्टिक, रैपर, बोतलें एवं अन्य कचरे को उठाकर स्वच्छ पार्क स्वस्थ समुदाय का संदेश दिया। बच्चों ने अलग अलग प्रकार के कचरे को अलग अलग बैग में एकत्र कर कचरा पृथक्करण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इसी तरह जगाधरी की श्रीनगर कॉलोनी स्थित श्री नगर कॉलोनी पार्क में स्थानीय निवासियों ने प्लॉग रन कार्यक्रम के तहत पार्क की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने मौके पर प्लॉग रन के माध्यम से लोगों को भी इस बात के लिए प्रेरित किया गया कि वे पार्क में स्वच्छता बनाए रखें और कचरा सदैव निर्धारित डस्टबिन में ही डालें।




यमुनानगर। वीर सावरकर स्वर्ण जयंती पार्क में प्लॉग रन स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के तहत सफाई करते स्थानीय नागरिक व विद्यार्थी।

### बच्चों में स्वच्छता की आदतों को विकसित करें

अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने कहा कि नगर निगम के प्लॉग रन स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता की आदतों को विकसित करना, सार्वजनिक स्थलों को कचरा-मुक्त रखना तथा नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रम न केवल बच्चों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करते हैं, बल्कि समाज के हर वर्ग को स्वच्छता अभियान से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि स्वच्छता को दैनिक आदत बनाएं, कचरा केवल निर्धारित डस्टबिन में ही डालें, प्लास्टिक के उपयोग को कम करें और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें। धीरज कुमार ने यह भी कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपनी छोटी-छोटी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाए, तो शहर को मॉडल स्वच्छ शहर बनाने का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

# शादी का झांसा देकर दो युवतियों के साथ दुष्कर्म का लगाया आरोप

## जिले में अलग अलग स्थानों पर हुई दुष्कर्म की घटनाएं

- पुलिस ने दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में अलग अलग स्थानों पर दो युवकों ने शादी का झांसा देकर दो युवतियों के साथ दुष्कर्म कर लिया। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार बूड़िया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 22 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी अमन के साथ दोस्ती थी। इस दौरान आरोपी उसे शादी करने के लिए बोलने लगा। गत 17 नवंबर को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम करता रहा। इस दौरान आरोपी ने धोखे से उसके दस्तावेजों पर 25 हजार रुपए का लोन ले लिया। इसके बाद भी आरोपी उसे ब्लैकमेल करता रहा। जब उसने आरोपी को शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### पुलिस ने मामला दर्ज कर की जांच शुरू

शहर की एक कालोनी निवासी 25 वर्षीय युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 2024 में उसकी मुलाकात कमल शर्मा के साथ हुई थी। इसके बाद आरोपी उससे फोन पर बात करने लगा और उसे शादी करने के लिए बोलने लगा। उसने आरोपी पर विश्वास कर लिया। पांच सितंबर 2024 को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी ने उसके साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। उसने जब यह बात आरोपी की मां सुमन व पिता पवन कुमार को बताई तो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# ई-रिक्शा दिलवाने के नाम पर व्यक्ति से एक लाख हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

ई-रिक्शा दिलवाने के नाम पर एक लाख 70 हजार रुपये हड़पने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पुराना हमीदा कालोनी निवासी कासिम ने फरकपुर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए ई-रिक्शा लेना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात नौशाद के साथ हुई। आरोपी ने उसे कहा कि वह उसे लोन पर नई ई-रिक्शा दिलवा देगा। वह आरोपी की बातों में आ गया। इस दौरान आरोपी ने उसके नाम पर ई-रिक्शा दिलवाने के लिए एक लाख 40 हजार रुपए का लोन पास करवाया। इसके बाद आरोपी ने लोन पास करवाने के नाम पर उससे 30 हजार रुपए नगद ले लिए। आरोपी ने लोन कार्रवाई हुई राशि भी हड़प ली। इसके बाद आरोपी ने उसे ई-रिक्शा नहीं दिलवाई। जब उसने इस बार आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जब उसने आरोपी से अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने पैसे देने से मना कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

# शिक्षकों को नई तकनीकों से परिचित होना जरूरी

- सीबीएसई द्वारा स्वराज पब्लिक स्कूल दामला में शिक्षकों के लिए आयोजित किया कला एकीकरण विषय पर कार्यक्रम
- सरस्वती पब्लिक स्कूल जगाधरी की प्रधानाचार्या तरनप्रीत कौर ने मुख्य वक्ता के रूप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सीबीएसई द्वारा स्वराज पब्लिक स्कूल दामला में शनिवार को शिक्षकों के लिए कला एकीकरण विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती पब्लिक स्कूल जगाधरी की प्रधानाचार्य तरनप्रीत कौर ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। मुख्य रूप से उपस्थित रही। मुख्यातिथि तरनप्रीत कौर ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों को कला के माध्यम से अन्य विषयों को पढ़ाने की नवीन तकनीकों से परिचित कराना है। जो शिक्षकों की सोच और सीखने की प्रक्रिया को बढ़ावा देती है। इन स्तरों को ट्रिगर करने वाली गतिविधियों का उद्देश्य शिक्षकों को गहराई से सोचने और सीखने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि कैसे कला छात्रों में वैचारिक समझ और भावनात्मक अभिव्यक्ति को गहरा कर सकती है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में सभी शिक्षकों को इंटरएक्टिव सत्रों, समूह चर्चाओं व केस स्टडीज में भाग लेने का अवसर मिला। इससे शिक्षकों को अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने में मदद मिली। विद्यालय की प्रधानाचार्य ज्योति नागपाल सेठी ने संसाधन व्यक्तियों का स्वागत किया।



यमुनानगर। रादौर के स्वराज पब्लिक स्कूल दामला में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते स्टाफ सदस्य।

# कानून व्यवस्था की मजबूती में अधिकारियों की अहम भूमिका

## जिला सचिवालय में नए कानूनों को लेकर कार्यशाला का आयोजन

- पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने की कार्यशाला की अध्यक्षता
- कार्यशाला में न्यायवादी सुधीर सिंदर व अर्शदीप सिंह ने नए कानूनों की पुलिस अधिकारियों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा नए कानूनों को लेकर लघु सचिवालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में थाना व चौकी प्रभारियों समेत जिला के अन्य पुलिस के जांच अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान कार्यशाला की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने की। मौके पर न्यायवादी सुधीर सिंदर व अर्शदीप सिंह मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि कार्यशाला के आयोजन करने का मुख्य उदेश्य पुलिस के जांच अधिकारियों को नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत आने वाले मामलों की जांच में और अधिक दक्ष बनाना रहा। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में जांच अधिकारियों की भूमिका सबसे अहम होती है। उन्होंने अधिकारियों से नए कानूनों की जानकारी लेने और समय समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने का अनुरोध किया।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित कार्यशाला में पुलिस अधिकारियों को नए कानूनों की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल व न्यायवादी।

### केस को मानें चुनौती

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने पुलिस के जांच अधिकारियों को कहा कि वह हर केस को एक चुनौती के रूप में लेकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस एक्ट के तहत आने वाले अपराध समाज के लिए गंभीर खतरा हैं और इन पर नियंत्रण के लिए हर अधिकारी को जिम्मेदारी से काम करना होगा। मौके पर न्यायालय से आए वरिष्ठ न्यायवादी सुधीर सिंदर व अर्शदीप सिंह ने एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न प्रावधानों और नए संशोधनों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ड्रग्स से संबंधित मामलों में सजा दिलवाने के लिए जांच प्रक्रिया को पूरी तरह साक्ष्य आधारित और कानूनी मानकों के अनुरूप बनाना अत्यंत आवश्यक है।



यमुनानगर। रादौर में डा. भीमराव अंबेडकर को नमन करते स्थानीय लोग।

### बाबा साहेब ने समाज में फैली कुरीतियों का डटकर किया विरोध : पिंकी

**रादौर।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी की ओर से शनिवार को रादौर में भारत रत्न डा. बीआर अंबेडकर की पुण्यातिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अकादमी के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह पिंकी ने की। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में समाज सेवी डा. बिमल गर्ग मौजूद रहे। अकादमी के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह पिंकी ने बताया कि डा. भीमराव अंबेडकर ने संविधान निर्माण के साथ साथ समाज में फैली कुरीतियों का डटकर विरोध किया था। समाज को एकता के सूत्र में बांधने के लिए डा. बीआर अंबेडकर ने अहम योगदान दिया था। उन्होंने दलित के साथ साथ समाज के हर वर्ग के लिए संविधान में अधिकार दिए थे। जिससे उनका प्रयोग कर सभी का उत्थान हो सके। इस अवसर पर मुख्यातिथि डा. बिमल गर्ग, जिला अध्यक्ष धर्म सिंह पिंकी, हिशम सिंह लालर, सत्यदेव ढांडा आदि रहे।

## आंबेडकर का पूरा जीवन समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समर्पितः त्यागी

# बाबा साहेब सामाजिक न्याय, समानता व शिक्षा के प्रबल समर्थक थे

- कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का श्रद्धापूर्वक मनाया महापरिनिर्वाण दिवस
- कांग्रेस के यमुनानगर विधानसभा से प्रत्याशी रहे एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कांग्रेस द्वारा शनिवार को जगाधरी वर्कशाप मार्ग स्थित कार्यालय में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे एवं कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने भाग लिया। इस दौरान मुख्यातथि, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पूर्व मंत्री समेत अन्य गणमान्य ने बाबा साहिब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

मुख्यातिथि एवं कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं थे। बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अपना पूरा जीवन समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने और उनके अधिकार सुनिश्चित करने में समर्पित किया।




यमुनानगर। जगाधरी वर्कशाप मार्ग स्थित कार्यालय में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी

पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने बताया कि डॉ. अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था और उनका संपूर्ण जीवन समाज सुधार, शिक्षा, मानव अधिकारों और समानता की स्थापना को समर्पित रहा। उन्होंने भारतीय संविधान का मसौदा तैयार कर देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक ढांचा प्रदान किया। 6 दिसंबर 1956 को उनका निधन हुआ। जिसे देशभर में हर वर्ष महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन उनके विचारों, योगदान और उनके संघर्षों को याद करने का अवसर देता है। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं समेत अन्य लोगों ने डॉ. अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसताए भाईचारा और समानता की स्थापना ही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया। मौके पर कमल विनायक, विजय पाल, संजीव कुमार, सतीश कुमार, भोला, अशोक कोगली, सुरेंद्र भाटिया, बालकिशन, अनेजा, सुरेश, आनंद, सहीराम, धर्मेंद्र, सचिन, आजाद कुमार व कश्मीर सिंह आदि मौजूद थे।

खबर संक्षेप

## विख्यात लेखक मोहिंदर सिंह कंबोज का निधन


मोहिंदर सिंह कंबोज।

कुरुक्षेत्र। हरियाणा न्यायिक सेवा में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. कविता कंबोज के पिता तथा प्रख्यात लेखक, शिक्षाविद् और समाजसेवी मोहिंदर सिंह कंबोज का 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से साहित्य, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। इंद्री करनाल निवासी कंबोज ने वर्षों तक शिक्षा, वित्तीय साक्षरता और जनहित के कार्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मोहिंदर कंबोज ने अपनी संतानों को उच्च शिक्षा और सामाजिक मूल्यों की प्रेरणा प्रदान की।

## जजपा के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आज

कुरुक्षेत्र। जननायक जनता पार्टी का 7 दिसंबर को जुलाना में होने वाला स्थापना दिवस कार्यक्रम इस बार इतिहास रचने जा रहा है। पूरे हरियाणा में इसके लिए जबरदस्त माहौल बना हुआ है और संगठनात्मक स्तर पर जो तैयारी की गई है, वह इस कार्यक्रम को अब तक का सबसे भव्य और प्रभावशाली कार्यक्रम बनाने वाली है। युवा जजपा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह खैहरा ने कहा कि जुलाना का कार्यक्रम केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि जनता के बीच नई उम्मीद, नई दिशा और नई सोच का संदेश देने वाला ऐतिहासिक अवसर होगा।

## रक्तदान शिविर में 48 यूनिट रक्त एकत्रित

थानेसर। बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी के महापरिनिवार्ण दिवस पर भारतीय खाद्य निगम मण्डल कार्यालय कुरुक्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मंडल प्रबंधक प्रवीण कुमार, आर सिद्धार्थ ने इसका विधिवत उदघाटन किया। शुरूआत में सामाजिक न्याय के प्रणेता, भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं सादर नमन किया गया। उन्होंने बताया कि स्टाफ ने इस रक्त दान शिविर में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस रक्तदान शिविर में लगभग 48 यूनिट्स इक्कट्ठी की गई।



## डॉ. बलराज ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

कुरुक्षेत्र। रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह की कोई कमजोरी नही आती अपितु हमारा रक्त किसी की जान बचा सकता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान कर पुण्य का भागीदार बन सकता है। यह शब्द लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल के आरएमओ डा. बलराज ने अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान करते हुए कहे। डा. बलराज ने बताया कि उन्हें पता चला कि किसी जरुरतमंद को ए पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता है। ऐसे में उन्होंने तुरंत ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया।

### लिटिल मिलेनियम स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स फेस्ट का भव्य आयोजन

# खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम वर्क विकसित करता : पुनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

लिटिल मिलेनियम स्कूल में शुक्रवार को वार्षिक स्पोर्ट्स फेस्ट का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अभिभावकों के गर्मजोशी भरे स्वागत से हुआ। मंच संचालन इशिका और रेवा ने संभाला। मुख्य अतिथि के रूप में रेनू पुनिया शैक्षणिक प्रबंधक, स्कूल के प्रबंध निदेशक परमिंदर सिंह बाठ और चीफ लर्निंग ऑफिसर ज्योति खनेजा उपस्थित रहे। अतिथियों ने खेल मैदान पर पहुँचकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और स्पोर्ट्स मीट की शुरूआत मार्च-पास्ट और टॉर्च लाइट सेरेमनी के साथ की। अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल बच्चे के सर्वांगीण विकास का अहम हिस्सा हैं। रेनू पुनिया ने कहा कि स्पोर्ट्स बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीमवर्क विकसित करता है। आज बच्चों का उत्साह प्रेरणादायक है। स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने कहा कि लिटिल मिलेनियम का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ खेलों में भी उत्कृष्टता का अवसर देना है।



### बच्चों ने मैदान को ऊर्जा से भर दिया

खेलों से बच्चों में नेतृत्व, ईमानदारी, टीमवर्क, मेहनत और लगन की भावना विकसित होती है। चीफ लर्निंग ऑफिसर सुश्री ज्योति खनेजा ने कहा कि खेल बच्चों के व्यक्तित्व को निखारते हैं और नेतृत्व क्षमता बढ़ाते हैं। सभी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर वेजी बास्केट रन, चेयर सेटिंग, हैंकी फोल्डिंग, बडडी बैलेंस चैलेंज, बैग पैक व फिटनेस ऑब्स्टेकल रेस, पिरामिड प्रतियोगिताएं करवाई गई। प्रतियोगिताओं से पहले बच्चों ने डबल एक्सरसाइज और एनर्जाइजर सेशन में भाग लेकर पूरे मैदान का माहौल ऊर्जा से भर दिया। इस वर्ष स्पोर्ट्स फेस्ट में अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कपल गेम में श्राव्या के माता-पिता प्रथम स्थान पर रहे। ड्रेस-अप गेम में अर्जय के पिता प्रथम स्थान पर और मिर्रान के पिता द्वितीय स्थान पर रहे। अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी रोचक एवं यादगार बना दिया।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं पूजा, दलजीत, जय भारती, इशिका, पूनम, मनिषा, अंजली और प्रिया का विशेष योगदान रहा।

## गीता कन्या विद्यायल में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम


कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वाधान में अमीन रोड स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के कुल 245 बच्चों ने बड़े जोश और उमंग के साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या अंजू बंसल के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर मेंढक दौड़, तीन टांग दौड़, बोरी दौड़, नींबू-चम्मच दौड़, सरल दौड़, रस्सी दौड़, सुई -धागा दौड़, मटका दौड़, लंबी कूद, बाधा दौड़, गोला-फेंकना व चक्का -फेंकना प्रतियोगिताएं करवाई गई। सभी प्रतिभागी बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ अपने-अपने खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मवार्षिक खेलकूद दिवस ने छात्रों में शारीरिक विकास, टीमवर्क, अनुशासन और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को और अधिक प्रबल किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा,सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा एवं प्राचार्या सुमन बाला ने समस्त विद्यालय परिवार को वार्षिक खेलकूद दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### सांसद खेल महोत्सव : विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिताओं का अंतिम दिन रहा रोमांचक

## सांसद ने खिलाड़ियों को दिया खेल क्षमता निखारने का मौका : कौर



- तीरंदाजी की प्रतियोगिताओं ने खिलाड़ियों की सटीकता और धैर्य की परीक्षा ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद खेल महोत्सव के दूसरे चरण, विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिताओं, का अंतिम दिन उत्साह और रोमांच से भरपूर रहा। द्रोणाचार्य स्टेडियम के जुडो हॉल में जूडो के मुकाबले आयोजित हुए, जबकि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तीरंदाजी की प्रतियोगिताओं ने खिलाड़ियों की सटीकता और धैर्य की परीक्षा ली। इन दोनों कार्यक्रमों में जिला परिषद अध्यक्ष कंवलजीत कौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और उन्होंने विजेताओं को सम्मानित करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। सांसद नवीन जिन्दल ने सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराया है, जहां खिलाड़ियों ने अपनी क्षमता को निखारा है। आज के विजेता आगे लोकसभा स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो उनके खेल जीवन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा।

### शूटिंग में दीक्षिता और यशमीत प्रथम

*इसी क्रम में कर्ण शूटिंग अकादमी में शूटिंग की प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं, जहां सदर थाना के एसएचओ जगदीश टामक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेलों में अनुशासन और निरंतर अभ्यास की महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति में आत्मविश्वास, धैर्य और अनुशासन का निर्माण करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यहां दिखाया गया प्रदर्शन आगामी लोकसभा स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी शानदार रहेगा। खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किए। शूटिंग में पिस्टल महिला वर्ग में दीक्षिता प्रथम और केतन मालिक द्वितीय रहीं। पिस्टल पुरुष वर्ग में यशमीत प्रथम और माहिर द्वितीय रहे। राइफल महिला वर्ग में अर्पण कौर ने प्रथम तथा अनुष्का ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राइफल पुरुष वर्ग में मनसदिक प्रथम और सूर्यकांत द्वितीय रहे। राइफल दिव्यांग वर्ग में रीना रानी ने प्रथम स्थान हासिल किया।*

## गर्म कपड़ा देना सिर्फ वस्त्र नहीं, बल्कि सम्मान और उम्मीद देना भी : उपासना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

- स्नेह की चादर कार्यक्रम का आयोजन

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में पड़ रही कड़ाके की ठंड और समय-समय पर आने वाली प्राकृतिक आपदाओं को ध्यान में रखते हुए रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3080 द्वारा स्नेह की चादर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जो रोटरी को- पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत रुड़की से एक ट्रक गर्म कपड़ों और स्वेटरों से भरा हुआ हिमाचल और उत्तराखंड के जरूरतमंद परिवारों के लिए रवाना किया जा रहा है। ट्रक को डी. जी. रो. रवि प्रकाश एवं डी. जी. पार्टनर रो. शालिनी प्रकाश हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### 205 गर्म स्वेटर भेजी

इस सेवा अभियान में रोटरी क्लब शाहाबाद मारकण्डा ने सिटी हार्ट हाई स्कूल के तत्वाधान से सक्रिय सहभागिता निभाते हुए 205 गर्म स्वेटर भेजकर मानवीय भाव और सहयोग की मिसाल पेश की। कार्यक्रम की शुरूआत ए. जी. पार्टनर डॉ. उपासना आहूजा ने की। उन्होंने कहा कि रोटरी केवल सेवा संगठन नहीं, बल्कि मानवीय भावनाओं का परिवार है। किसी जरूरतमंद को गर्म कपड़ा देना केवल वस्त्र देना नहीं, बल्कि उसे सम्मान, सुरक्षा और जीवन में उम्मीद देना है। इसके बाद रोटरी प्रधान रो. डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि हिमालय के कठिन इलाकों में रहने वाले परिवारों के लिए यह कपड़े केवल सहायता नहीं, बल्कि एकता और मानवीय संबंधों का संदेश है। इस अवसर पर रोटरी सचिव रो. विक्रम गुप्ता, रो. डॉ. एस. एस. आहूजा, स्कूल प्रधानाचार्य श्रीमती चंचल आहूजा, स्कूल स्टाफ सिमरन, कोमल, अवतार, रणधीर, किरण अनामिका तथा बच्चे सेजल, जिया, हर्षिता, सोनम, पार्थ, लवीश, वंश, बबली आदि उपस्थित रहे।

## शिरडी साईं बाबा चरण पादुका दर्शन उत्सव की तैयारियां जोरो पर

- सैक्टर 7 स्थित श्री सत्य सांई मंदिर में बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद समस्त सांई परिवार के सदस्यगण।

समस्त सांई परिवार कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में 8 दिसंबर को श्रीशिरडी सांई बाबा चरण पादुका दर्शन उत्सव की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम को लेकर मेहर सिंह मलिक की अध्यक्षता में शनिवार को सांई परिवार के सदस्यों की बैठक सैक्टर 7 स्थित श्री सत्य सांई मंदिर में आयोजित की गई जिसमें सभी कार्यकतार्ओं की जिम्मेदारियां लगाई गई। बैठक का संचालन करते हुए डॉ.विजय शर्मा ने बताया कि श्री सांई बाबा संस्थान ट्रस्ट शिरडी के तत्वावधान में श्री शिरडी सांई बाबा चरण पादुका दर्शन उत्सव आयोजित किया जा रहा है जोकि समस्त सांई परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा सोमवार 8 दिसंबर को पिपली रोड स्थित होटल सैफरॉन में होगा। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के विशेष सान्निध्य में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे जबकि कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा,सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी और पूर्व मंत्री सुभाष सुधा विशिष्ट स्थिति होंगे।

### शेड्यूल की जानकारी दी

कार्यक्रम शेड्यूल की जानकारी देते हुए केवल कृष्ण छाबड़ा ने बताया कि इसी दिन सुबह 10 बजे पिपली चौक पर सांई पादुका जत्थे का स्वागत किया जाएगा, यहां से आयोजन स्थल तक शोभायात्रा के रूप में यह जत्था होटल में पहुंचेगा जहां बड़ी संख्या में सांई भक्तों द्वारा चरण पादुका जत्थे का स्वागत किया जाएगा, तत्पश्चात दोपहर 2 बजे से सांई पादुका दर्शन कराए जाएंगे, वहीं सांय 4 बजे से भव्य सांई भजन संध्या होगी। बैठक में रामशरण, गगनदीप ढींगरा, कमल अरोड़ा, अनिल बजाज, विजय बजाज, राकेश मित्तल, गौरव गर्ग, डी.आर.गुप्ता आदि मौजूद रहे।



## पुलिस लाइन में योग ब्रेक कार्यक्रम आयोजितः मंजू

कुरुक्षेत्र। महानिदेशक आयुष हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के तत्वाधान में पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र में शनिवार को योग ब्रेक का आयोजन करवाया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कुरुक्षेत्र दिशा निर्देश में विभिन्न विभागों में योग ब्रेक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ जागीर सिंह एवं योग विशेषज्ञ मनजीत सिंह के सहयोग से आयुष विभाग के योग सहायकों रोहतास कुमार डिंपल रानी द्वारा पुलिस लाइन के अधिकारी एवं कर्मचारी को वाइ ब्रेक का अभ्यास करवाया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी द्वारा बताया गया वाइ ब्रेक में कुछ आसान ताड़ासन, पादस्थासन, कटी चक्कर अनुलोम विलोम भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करवाया जाता है। यह 5 मिनट का योग प्रोटोकॉल है जो आप कुर्सी पर बैठकर या खड़े होकर हल्के सूक्ष्म व्यायाम और प्राणायाम के द्वारा कर सकते है। इस मौके पर पुलिस लाइन के सब इंस्पेक्टर लाइन ऑफिसर जरनैल सिंह, मुंशी कर्मवीर सिंह, चिफ ड्रिल इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## भारत को आत्मनिर्भर बनाने की सबसे बड़ी शक्ति जनता के पास : डीडी शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा


- गांव बाखली में जनसभा का आयोजन, स्वदेशी अपनाने का दिया संदेश

आत्मनिर्भर भारत के विजन को धरातल पर उतारते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने गांव बाखली में एक विशाल जनसभा का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वदेशी अपनाने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। जनसभा में बड़ी संख्या में गांव के लोग, युवा, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे और संबोधन को बड़े ध्यान से सुना। सभा को संबोधित करते हुए पंडित जय भगवान शर्मा ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने की सबसे बड़ी शक्ति जनता के पास है, और जब तक लोग स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना नहीं शुरू करेंगे, तब तक कोई भी देश आर्थिक रूप से पूरी तरह मजबूत नहीं बन सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज तेजी से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है, और यह अभियान केवल सरकार का नहीं, बल्कि हर भारतीय का राष्ट्रीय कर्तव्य है। इस मौके पर बाखली मंडल अध्यक्ष सुखबीर सिंह, जस्सी शर्मा मंडल महामंत्री युवा मोर्चा मंडल प्रधान वजीर सिह दीवाना , जिला सचिव साधु सैनी, माँगे राम कौशिक, विजय सरपंच हमीरा फार्म, जसविंदर सिह सरपंच ककराली जयप्रकाश सरपंच ट्यूकर, विनोद सरपंच नीमवाला, रामनाथ सैनी सरपंच दीवाना, क मल काजल सरपंच हरिगढ़, दिलबाग सरपंच गढ़ी लगरी, जगदीप सरपंच मोरथली आदि मौजूद रहें।


पिहोवा। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी व अन्य।

## अच्छी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को अनंत शुभकामनाएंः प्रो. पूनिया

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में संचालित जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की परीक्षाओं के लिए मीडिया संस्थान के सभी विद्यार्थियों को अच्छी परीक्षाओं के लिए अपनी अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने कहा कि जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा बी.जे.एम.सी, एम.एस.सी. जनसंचार, एम.ए. जनसंचार, बी.एस.सी. मल्टीमीडिया, बी.एस.सी. ग्राफिक्स एंड एनीमेशन, एम.एस.सी. ग्राफिक्स एंड मल्टीमीडिया, बी.एस.सी. प्रिटिंग एंड पैकेजिग, एम.एस.सी. प्रिटिंग एंड पैकेजिग के विषय संचालित हैं। सभी विद्यार्थी अपनी-अपनी परीक्षाएं अच्छे ढंग से दे ताकि सैमेस्टर परीक्षा परिणाम पूर्व की भांति अच्छा रहे क्योंकि परीक्षाएं और रचनात्मक कौशल ही विद्यार्थियों को आगे बढ़ायेगा। निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने कहा कि विद्यार्थियों की अच्छी परीक्षाएं हो इसके लिए अच्छा प्रबंध किया गया है जिसके लिए संस्थान के सीनियर अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ. आबिद अली को परीक्षा केंद्र का कार्यभार दिया है और साथ ही संस्थान के अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ. अभिनव, डॉ. रोशन मस्ताना, डॉ. तपेशकिरण, डॉ. प्रदीप कुमार, गौरव कुमार, रितु, सुनिता, सचिन वर्मा, राकेश कुमार, कंचन शर्मा, अमित जांगड़ा, मोनिका ढुआ, अर्पणा, राहुल अरोड़ा अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।


कुरुक्षेत्र। परीक्षा देते परीक्षार्थी।

## डॉ. अंबेडकर की सोच को संकल्प बनाकर कार्य कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


सूरजभान कटारिया।

भारतीय जनता पार्टी से अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मौजूदा समय में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की डॉ. आंबेडकर फाउंडेशन के सदस्य रहे सूरजभान कटारिया ने कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के राष्ट्र निर्माण को लेकर देखे हुए सपनों को पूरा करने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है और भाजपा सरकार बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर दूरगामी सोच को संकल्पित होकर पूरा करने के लिए भाजपा सरकार कार्य कर रही है। डॉ बीआर अंबेडकर इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी मथाना में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पधारे सूरजभान कटारिया ने कहा कि मौजूदा समय में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए पिछले सप्ताह देशभर में श्रम कानूनों को श्रमिक हितकारी बनाने के लिए ठोस कदम उठाए है साथ ही विकसित भारत का विजन जो प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को डॉ. अंबेडकर के संविधानिक मूल्यों (न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व) से जोड़ना है।

कार्यक्रम | बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर सभा का आयोजन

### प्रांतीय महासचिव सुदेश कुमारी, वरिष्ठ नेत्री चन्द्र रेखा, ऊषा कुमारी ने पुष्पांजलि अर्पित की

# डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक ऊंच-नीच कायम रखने वाली विचारधाराओं का किया विरोध : सुदेश कुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के 70वें निर्वाण दिवस पर उनकी याद में जन संघर्ष मंच हरियाणा की ओर से कीर्ति नगर व गांधी नगर,कुरुक्षेत्र में सभा का आयोजन किया गया। मंच की प्रांतीय महासचिव सुदेश कुमारी, वरिष्ठ नेत्री चन्द्र रेखा, ऊषा कुमारी व अन्यों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को अपनी पुष्पांजलि अर्पित की। मंच की वरिष्ठ नेता चन्द्र रेखा ने कहा कि डा. भीमराव अम्बेडकर जी का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ और आज 6 दिसम्बर उनका निधन दिवस है। अम्बेडकर जी बहुत प्रतिभाशाली व एक उच्च कोटि के विद्वान थे। उन्होंने लंदन,अमेरिका जाकर उच्च स्तरीय पढ़ाई की। वे भारतीय संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष बने। अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र व कानून में जितनी डिग्रियां अम्बेडकर जी के पास थी उतनी उस वक्त भारत के किसी भी राजनेता के पास नहीं थी। इसके बावजूद उन्होंने अपने जीवन में अस्पृश्यता, वर्ण व्यवस्था का भारी दंश झेला। सामाजिक भेदभाव , छुआछूत अपमान की जो यातनाएं भीमराव अंबेडकर जी को अपने जीवन में सहनी पड़ी थी उस कारण उन्होंने वर्ण व्यवस्था , जातिवाद के खिलाफ कठोर संघर्ष किया।




### शिक्षित बनों, संगठित रहो और संघर्ष करो

भीमराव अम्बेडकर ने अनुसूचित जातियों, जनजातियों, गरीबों, महिलाओं का आह्वान किया था कि वे शिक्षित बनों,संगठित रहो और संघर्ष करो। उन्होंने मीठे पानी के तालाब से अछूतों को पानी लेने का अधिकार व अन्य कई अधिकार दिलवाए। सुदेश कुमारी ने बताया कि डॉ अम्बेडकर जी ने मनुष्य जाति में सामाजिक ऊंच नीच कायम रखने वाली हिंदू धर्म की ब्राह्मण , क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र वर्ण वाली वर्ण व्यवस्था, छुआछूत, जातिवाद की विचार धारा का संगठित विरोध किया। मंच नेता ऊषा कुमारी ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों की वजह से देश में बेतहाशा महंगाई बेरोजगारी बढ़ रही है और अच्छी शिक्षा व स्वास्थ्य लोगों की पहुंच से दूर होते जा रहे है। इस अवसर पर मीना, सुनीत कौर, वंदना, उमा, लक्ष्मण कौर, सुनीता देवी, रमा, पूजा,शकुंतला, अंजू बाला, मित्तो रानी, मंजू रानी शालू, विक्रम, सतीश, यशस्वी, गुरविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# खबर संक्षेप

## चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। पीपली बाजार के मनीष कुमार ने 12 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 10 सितंबर 2025 को कांग्रेस भवन रोड कपडा मार्केट के पास स्थित उसकी दुकान से आरोपी ने 5 मोबाइल फोन, स्पीकर, इयरफोन, इयरबडस, पॉवर बैंक, चार्जर व अन्य सामान चोरी किया है।

## 44 पव्वे सहित आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी क्षेत्र नजदीक पुरानी आनाज मंडी से अवैध शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार उर्फ लाडी को 44 पव्वे शराब व एक्टिवा सहित काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने तुरंत रेड कर आरोपी को काबू किया। तलाशी के दोरान ही पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शराब जब्त की थी।

## धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी संजीव कुमार को गिरफ्तार किया है। डेहा कॉलोनी के अकबर ने 26 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 जुलाई 2025 को आरोपी संजीव कुमार व अन्य ने उसका रास्ता रोककर उससे मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

## जान से मारने की धमकी देने का आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी हरदीप सिंह उर्फ सोनू व जसविंद्र सिंह उर्फ बब्ला को काबू किया है। फडौली गांव के रहने वाले भजन लाल ने 4 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी हरदीप सिंह उर्फ सोनू व जसविंद्र सिंह उर्फ बब्ला ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

## धोखाधड़ी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज विदेश भेजने की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी सेवा सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। परिवादी हर्षप्रीत सिंह ने 12 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 अगस्त 2024 से 15 दिसंबर 2024 के दौरान आरोपी सेवा सिंह व अन्य ने विदेश भेजने के मामले में उससे 5 लाख 25 हजार रुपये हड़पने की धोखाधडी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## सीडीपीओ व स्टाफ को किया सम्मानित

**नारायणगढ़।** भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सीडीपीओ अरविंदर कौर व उनके स्टॉफ सदस्यों को प्रधान अरविंद धीमान व अन्य पदाधिकारियों ने सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। प्रधान अरविंद ने बताया कि धर्मशाला में महिलाओं व लड़कियों के स्किल में बढावा करने के लिए कोई कार्स चलाने के लिए सीडीपीओ से बात की गई है।

## सामाजिक भेदभाव को मिटाकर एक मंच पर आए सभी बिरादरियों के लोग

# बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलने का किया आह्वान

36 बिरादरी के लोगों ने बाबा साहेब को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराडा

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि (महापरिनिर्वाण दिवस) पर वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा। सनराइज पैलेस में सामाजिक समरसता और पर्यावरण शुद्धि के संकल्प के साथ 21 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। जगतगुरु त्रिपुरा पीठाधीश्वर 1008 हरिओम महाराज के सान्निध्य में हुए इस अनुष्ठान का मूल उद्देश्य समाज में व्याप्त भेदभाव को मिटाकर विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाना था। सुबह 9 बजे शुरू हुए इस 21 कुंडीय महायज्ञ कार्यक्रम में सभी 36 बिरादरियों और धर्म संप्रदाय के लोगों ने भागीदारी निभाई। स्वामी हरिओम महाराज ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते यज्ञ को पर्यावरण संरक्षण का वैज्ञानिक आधार बताया। उन्होंने कहा, यदि गाय के घी और विशिष्ट औषधियों के साथ एक घंटा यज्ञ किया जाए, तो विज्ञान भी मानता है कि आसपास का 100 गज का क्षेत्र एक महीने तक संक्रमण और बैक्टीरिया से मुक्त हो जाता है। दूषित होते वातावरण और बीमारियों की वापसी रोकने के लिए यह प्रक्रिया अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में मौजूद अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय मंत्री स्वामी कृष्णानंद महाराज ने भी यज्ञ को सनातन परंपरा में प्रकृति रक्षण का सर्वश्रेष्ठ उपाय बताया। आयोजन का समन्वय केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री के मीडिया सलाहकार सुनील भारद्वाज ने किया। यज्ञ में आहुति देने के लिए राजनीतिक और प्रशासनिक हस्तियां एक साथ नजर आईं।



बराड़ा। कार्यक्रम में लोगो को संबोधित करते हरिओम महाराज हवन यज्ञ में आहुति देते हुए गणमान्य। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

मौके पर विधायक पवन खरखौदा, पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा और डीएसपी सुरेश कौशिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इससे पूर्व, व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए डॉ. कुलदीप शर्मा और सुमित गोयल के नेतृत्व में व्यापक तैयारियां की गई थीं। यज्ञ में मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन योगेश गुप्ता, सूरजपाल राणा, बॉबी वधवा, डॉ. संदीप कौशिक, अमरेंदर सिंह रोबिन और डिंपल राणा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने भागीदारी की। प्रशासन के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए इस कार्यक्रम ने डॉ. अंबेडकर के समानता के संदेश को वैदिक परंपरा के साथ जोड़ने का काम किया। मौके पर सुमित गोयल, रमेश कुमार, देवेंद्र बंसल, प्रमोद जैन, देवेंद्र राणा पिंटू, कमल अग्रवाल, ऋषि राणा, सत्य प्रकाश बिजलपुर, सूरजपाल राणा थंबड, बॉबी वधवा, सुनील मनोचा मौजूद रहे।



बराड़। बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित कर हुए विधायक पूजा। फोटो: हरिभूमि

### डॉ. भीमराव सर्वसमाज के आदर्श

**बराड़ा।** संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर विधायक पूजा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ दोसडका स्थित अंबेडकर चौक पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में दिए गए ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया। विधायक पूजा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1892 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। वे केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री, समाज सुधारक और करोड़ों लोगों के प्रेरणास्रोत रहे। कठिन परिस्थितियों और सामाजिक बाधाओं के बावजूद बाबा साहेब ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र और समाज की उन्नति के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का व्यक्तित्व अद्वितीय और बहुआयामी था। समानता का अधिकार, सामाजिक न्याय, शिक्षा का प्रसार और प्रत्येक वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ना उनका प्रमुख लक्ष्य था। आज देश में जो संवैधानिक अधिकार हमें प्राप्त हैं, वे बाबा साहेब की दूरदर्शिता और संघर्ष का परिणाम हैं। विधायक पूजा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर किसी एक वर्ग के नेता नहीं, बल्कि सम्पूर्ण समाज के आदर्श हैं। उनके दिए गए संदेश "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" आज भी युवा पीढ़ी को नई दिशा प्रदान करते हैं।



शहजादपुर। कार्यक्रम में मौजूद बसपा के नेता व कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

## बाबा साहेब का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

# संविधान की रक्षा करना सभी का दायित्व: सिंह

- बसपा की ओर से पतरेहडी में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में पतरेहडी में भारतीय संविधान के निर्माता एवं भारत रत्न परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेड़कर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंजीनियर सीपी सिंह केंद्रीय राज्य प्रभारी हरियाणा, दिल्ली से पहुंचे। पार्टी के प्रदेश संयोजक विशाल गुर्जर भी कार्यक्रम में विशेष तौर पर मौजूद थे। कार्यक्रम में जोन नंबर 1 के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समर्थक एवं सर्वसमाज के लोग बड़ी संख्या में कार्यक्रम में पहुंचे। सभी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेड़कर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दिल्ली के केंद्रीय राज्य प्रभारी सीपी सिंह ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेड़कर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कहा कि हमेशा से शोषितों,वंचितों,गरीबों के हक व अधिकार की लड़ाई लड़ते रहे।

कार्यक्रम में शकुंतला भट्टी प्रदेश महासचिव,प्रदेश सचिव करनैल नगला,प्रवीण कुराली, रणबीर पाल, कार्यकारणी सदस्य ब्रह्मपाल सिंह, शमशेर कश्यप, जिला अध्यक्ष फरभूषण गुणी, रामस्वरूप, राहुल कुमार, विनोद कुराड, मान सिंह एवं अमन कुमार, रामचंद्र,सुरजीत राणा, एडवोकेट गौरव,संजीव कुमार, मुकेश कुमार, आकाश गौतम, सुनील कुमार, रामचंद्र,मनोज खेड़ा, पवन कुमार महेंद्रपाल, चंद्रभान, मोहनलाल, बलदेव, गुलाब भाटिया, होशियार सिंह, रमेश कश्यप, पवन शास्त्री, राजेश कैलरम, अंकित, जोरा सिंह, मधु चौधरी, अमन शर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रंगारंग प्रस्तुतियों से छात्रों ने मचाया धमाल

- लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल उगाला में वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन मंच बच्चों की प्रतिभा, उत्साह और सृजनशीलता से जगमगा उठा। विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने न सिर्फ माहौल में ऊर्जा भरी, बल्कि उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन भी मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सहायक आयुक्त एवं अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी गुरदीप सिंह भुल्लर तथा आर्य कन्या महाविद्यालय से सेवानिवृत्त शिक्षिका रमनकांता ने शिरकत की। दोनों अतिथियों का स्कूल प्रबंधन ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।



बराड़ा। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए स्कूली बच्चे। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य, नाटक और थीम-बेस्ड प्रस्तुतियों ने सामाजिक संदेशों को रोचक ढंग से मंचित किया। मुख्य अतिथि गुरदीप सिंह भुल्लर ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि— "बच्चों की प्रस्तुतियां केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सीख देने वाली होती हैं। हमें इनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।" इसी तरह रमनकांता ने बच्चों के आत्मविश्वास और मंचीय कौशल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक अनिल नागर, रेनू नागर, सिद्धार्थ नगर, नंदिनी नगर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रवेश, मीनाक्षी, भावना, दामिनी और शिल्पा ने संयुक्त रूप से किया।

## स्पांसरशिप योजना: पात्र को हर माह मिल रही चार हजार की राशि

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा जरूरतमंद बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए अनेक योजनाएं क्रिन्यांवित की गई है। इसी कडी में जिला बाल संरक्षण ईकाई , महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा द्वारा संचालित स्पांसरशिप योजना से जरूरतमंद पात्र बच्चों को आर्थिक सहायता के रूप में चार हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पात्र बच्चों को आर्थिक सहयोग प्रदान करना है ताकि उन बच्चों की शिक्षा और पालन-पोषण निर्बाध रूप से जारी रह सके। यह योजना पूर्णतः निशुल्क है, इसमें किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं है। उपायुक्त ने कहा कि यह योजना समाज के जरूरतमंद एवं कमजोर वर्गों के पात्र बच्चों के लिए एक सशक्त सुरक्षा कवच है।

## खिलाड़ियों ने दमदार रेड पर लूटी वाहवाही

- युवाआ में खेल भावना विकसित करने के लिए प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

खेलों को प्रोत्साहन देने और युवाओं में खेल भावना विकसित करने के उद्देश्य से चौधरी फूलचंद क्रीड़ा आंगन में कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। आयोजन में कई प्रदेशों की कई टीमों ने भाग लिया। पूरे मैदान में खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों का उत्साह देखने लायक था। टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर थाना प्रभारी प्रमोद राणा, समाजसेवी नरेंद्र बिलमा, ग्राम सरपंच प्रवीन कुमार, ब्लॉक समिति चेयरमैन रविशेर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



मुलाना। कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

### विजेता सम्मानित किए

कार्यक्रम में समाजसेवी नरेंद्र बिलमा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। प्रभारी प्रमोद राणा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते कहा कि ग्रामीण स्तर पर खेलों का आयोजन युवाओं को नशे जैसे बुरे प्रवृत्तियों से दूर रखता है तथा उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने का प्रेरणादायक मंच देता है।टूर्नामेंट के दौरान कई रोमांचक मुकाबले हुए, जिनमें खिलाड़ियों ने बेहतरीन रणनीति का प्रदर्शन किया। दमदार रेड, मजबूत टैकल और टीम वर्क ने दर्शकों का दिल जीत लिया। आयोजकों ने बताया कि विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल और सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन ने न केवल युवा खिलाड़ियों को मंच प्रदान किया बल्कि क्षेत्र में खेलों के प्रति बढ़ती जागरूकता और एकजुटता की मिसाल भी पेश की।

# जसप्रीत ने मारी बाजी, धारिका ने प्राप्त किया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में शनिवार नशा मुक्त भारत अभियान कमेटी द्वारा पॉवर पॉइंट प्रिजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ देश राज बाजवा जी के कुशल नेतृत्व में इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस कार्यक्रम में डॉ. राम कुमार , डॉ. उषा चहल ने निर्णायक मण्डल की भूमिका में शिरकत की । उन्होंने प्रतिभागी छात्रों व नशा मुक्ति अभियान कमेटी सदस्यों की टीम के इस प्रयास को सराहा । सरकार की इस पहल का समर्थन करते हुए डॉ राम एवं डॉ उषा चहल ने युवाओं को किसी भी तरह के नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन नशा मुक्ति अभियान की नोडल ऑफिसर डॉ. पूनम राजोरा के मार्गदर्शन में किया गया। नशा मुक्त भारत अभियान समिति के सदस्यप्रो नेहा रानी, डॉ. समीक्षा एवं डॉ इंदेश अग्रवाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विशेष योगदान दिया।



# नशे के खिलाफ किया जाएगा जागरूक

- 100 कुंडीय हवन यज्ञ से होगी नशा मुक्त समाज अभियान की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

डीएवी मैनेजिंग कमेटी दिल्ली के प्रधान पूनम सूरी व आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के नेतृत्व में नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत अंबाला शहर के डीएवी महाविद्यालय और सभी डीएवी विद्यालय संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न स्थानों पर 100 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन करेंगे। डीएवी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो (डॉ.) रमेश परमार ने बताया कि आर्य युवा समाज के तत्वावधान में देशभर में चल रहे।



अंबाला। हवन के लिए जगह का मुआयना करते कॉलेज शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

### नशा मुक्त भारत के संकल्प का प्रतीक होगा हवन

कार्यक्रम में अंबाला के पूर्व विधायक असीम गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जबकि अंबाला भाजपा के अध्यक्ष मनदीप राणा वशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। प्राचार्य डॉ. रमेश परमार ने बताया कि यह हवन सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि नशा मुक्त भारत के संकल्प का प्रतीक होगा, जो युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराकर समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

# भोला राम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीता ब्रॉन्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंचकूला

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक मनी राम शर्मा ने असंध डिविजन में तैनात डिविजनल एकाउंटेंट भोला राम को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी । भोला राम ने हाल ही में चेन्नइ-तमिलनाडू में आयोजित चैंपियनशिप में 800 मीटर दौड़ में 45+ के आयु वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व किया तथा अद्भुत प्रदर्शन करते तीसरा स्थान पाकर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। प्रबंध निदेशक ने कहा कि उपलब्धि निगम के लिए गर्व का विषय है ।एक सच्चा



खिलाड़ी अपनी उम्र से नहीं अपने हौंसलों से पहचाना जाता है तथा मेहनत और जज्बे से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। भोला राम को 22 अगस्त से 3 सितंबर, 2026 तक दक्षिण कोरिया में होने वाली चैंपियनशिप भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए शुभकामनाएं दी।

## नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज के लिए बेहद घातक

- जैन मुनियों ने युवाओं को नशे के खिलाफ किया सचेत

**मुलाना।** एसएस जैन स्थानक में भव्य धर्मसभा का आयोजन किया गया जिसमें उत्तर भारतीय प्रवर्तक पूज्य गुरुदेव आशीष मुनि, तत्व चिंतक पूज्य उत्तम मुनि तथा स्वाध्याय रसिक पूज्य विराग मुनि के पावन सानिध्य का लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। बड़ी संख्या में श्रावक–श्राविकाएं धर्मसभा में पहुंचकर संतवाणी का श्रवण करने के लिए उमड़ी। धर्मसभा के दौरान पूज्य गुरुदेव आशीष मुनि ने प्रेरणादायी प्रवचन देते हुए कहा कि आधुनिक समय में बच्चों का झुकाव मोबाइल और नशे की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जो चिंताजनक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि माता–पिता का दायित्व है कि वे बच्चों को मोबाइल के दुरुपयोग से बचाएं और उन्हें केवल सकारात्मक कार्यों में तकनीक का उपयोग करना सिखाएं। उन्होंने बताया कि मोबाइल ज्ञान का साधन भी बन सकता है और विनाश का कारण भी दोनों में अंतर केवल उसके उपयोग का है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## जिला शिक्षा अधिकारी ने राजकीय माध्यमिक स्कूल नसीरपुर का किया मुआयना

# छात्रों के साथ बातचीत कर उनकी पढ़ाई व विषयगत ज्ञान का मूल्यांकन किया

डीईओ ने सुनिश्चित किया कि कक्षाओं का वातावरण सीखने योग्य, अनुशासित और छात्र-केंद्रित हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने शनिवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय नसीरपुर का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान वे सबसे पहले विभिन्न कक्षाओं में पहुंचे। यहां उन्होंने छात्रों के साथ सीधी बातचीत कर उनकी पढ़ाई, समझ और विषयगत ज्ञान का मूल्यांकन किया। उन्होंने अध्यापकों से शैक्षणिक योजनाओं, शिक्षण पद्धतियों और कक्षा संचालन की नियमितता के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने यह सुनिश्चित किया कि कक्षाओं का वातावरण सीखने योग्य, अनुशासित और छात्र-केंद्रित हो। निरीक्षण के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में उन्होंने विद्यालय में संचालित मिड-डे मील योजना का विस्तार से परीक्षण किया।



अंबाला। छात्रों से बातचीत करते डीईओ सुधीर कालड़ा। फोटो: हरिभूमि

### अधिक ऑक्सीजन देने वाले पौधे लगाए

निरीक्षण के दौरान डीईओ की नजर विद्यालय में विकसित किए गए 'ऑक्सी जोन' पर भी पड़ी। स्कूल के एक हिस्से में पीपल, इलायची, सर्पपौधा, तुलसी और मोरपंखी जैसे अधिक ऑक्सीजन देने वाले पौधे लगाए गए हैं। इस क्षेत्र को शिक्षकों ने पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'ऑक्सी जोन' नाम दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने यहां बच्चों को एकत्र कर पौधों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ वायु तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से पौधों की देखभाल से जुड़े कुछ सरल प्रश्न पूछे और उन्हें नियमित रूप से पौधों को पानी देने और उनकी सुरक्षा करने की प्रेरणा दी। विद्यालय की खेल गतिविधियों की तैयारी भी निरीक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा रही। डीईओ ने मैदान में जाकर छात्रों की खेल प्रतिभा और प्रशिक्षण पद्धति का भी अवलोकन किया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक उनके सामने कबड्डी, उंची कूद और लंबी कूद जैसी खेल गतिविधियां प्रस्तुत कीं। डीईओ ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए आवश्यक हैं। छात्रों ने बताया कि डीपीई राजवंत कौर उन्हें खेलों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षित करती हैं और साथ ही उन्हें किचन गार्डन और ऑक्सी जोन की देखभाल में भी सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करती हैं।

## चोरों का आतंक, किसानों के ट्यूबवेल बने निशाना

- केबल कटने से किसानों को आर्थिक नुकसान

**मुलाना।** सर्दी का सीजन शुरू होने के साथ ही क्षेत्र में चोरी की वारदातें भी शुरू हो गई है। अब क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। बीते दो दिनों में चोर ब्राह्मण माजरा गांव में कई किसानों के ट्यूबवेलों से केबल काटकर ले गए, जिससे किसानों को हज़ारों रुपए का आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। पहले 4 दिसंबर को चोरों ने गांव के कई खेतों में लगे ट्यूबवेलों से केबल काटी लेकिन उस के दो दिन बाद ही 6 दिसंबर को चोरों ने एक बार फिर वारदात को दोहराते हुए कई किसानों के ट्यूबवेलों को निशाना बनाया। इस घटना में मुख्य रूप से जिन किसानों को नुकसान हुआ है।